रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	23/12/2025
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 आकाश का नीला रंग किसके कारण दिखाई देता है?

Ans
✗ A. वायु के अणुओं द्वारा प्रकाश का परावर्तन
✓ B. वायु के अणुओं द्वारा सूर्य के प्रकाश की छोटी तरंगदैर्ध्य का प्रकीर्णन
✗ C. वायु के अणुओं द्वारा प्रकाश का अपवर्तन
✗ D. वायु के अणुओं द्वारा नीले प्रकाश का अवशोषण

Q.2 त्वरण का चिन्ह वेग के सापेक्ष उसकी दिशा पर निर्भर करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ A. त्वरण हमेशा धनात्मक होता है, चाहे दिशा कोई भी हो।
✗ B. यदि त्वरण वेग की दिशा के विपरीत हो तो वह धनात्मक होता है।
✓ C. त्वरण धनात्मक होता है यदि वह वेग की दिशा में हो, और ऋणात्मक होता है यदि वह विपरीत दिशा में हो।
✗ D. यदि त्वरण वेग की दिशा में हो तो वह ऋणात्मक होता है।

Q.3 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, तंत्रिका ऊतक के कार्य का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

Ans
✗ A. यह वसा ग्लोब्यूल्स के रूप में ऊर्जा संग्रहित करता है।
✗ B. यह शरीरिक ढाँचे को दृढ़ता और मजबूती प्रदान करता है।
✗ C. यह आंतरिक अंगों को यांत्रिक क्षति से बचाता है।
✓ D. यह शरीर के एक अंग से दूसरे अंग तक सूचना का त्वरित संचारण करता है।

Q.4 एक बिंब को 15 cm फोकस दूरी वाले अवतल लेंस से 10 cm की दूरी पर रखा गया है। प्रतिबिंब के बारे में कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ A. प्रतिबिम्ब आभासी, सीधा और बिंब से बड़ा होता है।
✗ B. प्रतिबिम्ब वास्तविक, उल्टा और बिंब से छोटा होता है।
✓ C. प्रतिबिम्ब आभासी, सीधा और बिंब से छोटा होता है।
✗ D. प्रतिबिम्ब वास्तविक, उल्टा और बिंब से बड़ा होता है।

Q.5 मानव रक्त में प्लाज्मा का क्या कार्य होता है?

Ans
✗ A. यह चोट लगने पर रक्त का थक्का जमाने में मदद करता है।
✗ B. यह ऊतकों को ऑक्सीजन युक्त रक्त की आपूर्ति बनाए रखता है।
✓ C. यह भोजन, कार्बन डाइऑक्साइड और अपशिष्ट पदार्थों का परिवहन करता है।
✗ D. यह फेफड़ों से ऑक्सीजन को शरीर के सभी भागों तक पहुंचाता है।

Q.6 पुनर्जनन (regeneration) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans

✗ A. पुनर्जनन में विशिष्ट कोशिकाओं का उपयोग होता है और कोशिका विभाजन की आवश्यकता होती है।

✗ B. जटिल जंतुओं में, पुनर्जनन ऊतकों की मरम्मत तक सीमित होता है, न कि संपूर्ण जीव के निर्माण तक।

✓ C. कुत्ते खोए हुए शरीर के अंगों को पुनः विकसित कर सकते हैं और पूरी तरह से नए जीव का निर्माण कर सकते हैं।

✗ D. स्पाइरोगाइरा जैसे सरल बहुकोशिकीय जीवों में खंडन होता है।

Q.7 निम्नलिखित में से गायों की कौन-सी नस्ल रोगों के प्रति प्रतिरोधी है?

Ans

✗ A. जर्सी (Jersey)

✗ B. ब्राउन स्विस (Brown Swiss)

✓ C. रेड सिंधी (Red Sindhi)

✗ D. असील (Aseel)

Q.8 निम्नलिखित में से किसे एक तत्व के रूप में वर्गीकृत किया गया है?

Ans

✗ A. लवण

✓ B. तांबा

✗ C. वायु

✗ D. जल

Q.9 सक्रियता श्रेणी के अनुसार, निम्नलिखित धातुओं में से कौन-सी धातु सर्वाधिक अभिक्रियाशील है?

Ans

✗ A. तांबा

✗ B. लोहा

✓ C. पोटैशियम

✗ D. जिंक

Q.10 निम्नलिखित में से कौन-सा धातुओं का भौतिक गुणधर्म है?

Ans

✗ A. मृदु होती है और हल्के बल से टूट जाती हैं

✓ B. अत्यधिक तन्य और आघातवर्धनीय होती हैं

✗ C. कक्ष तापमान पर गैस उत्पन्न करती हैं

✗ D. ऊष्मा की कुचालक और भंगुर होती हैं

Q.11 किसी बल द्वारा किये गये कार्य की गणना कैसे की जाती है?

Ans

✗ A. कार्य = बल ÷ विस्थापन

✓ B. कार्य = बल × विस्थापन

✗ C. कार्य = विस्थापन ÷ बल

✗ D. कार्य = बल + विस्थापन

Q.12 लोहे में जंग लगने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी स्थिति आवश्यक है?

Ans

✗ A. केवल पानी

✓ B. हवा और पानी दोनों

✗ C. केवल शुष्क हवा

✗ D. केवल हवा

Q.13 मनुष्य में बच्चे का लिंग (sex) निर्धारण किससे होता है?

Ans

✓ A. पिता का शुक्राणु

✗ B. माता का अंडाणु

✗ C. ऑटोसोम की संख्या

✗ D. माइटोकॉन्ड्रियल DNA

Q.14 निम्नलिखित अभिक्रिया को संतुलित करने वाले विकल्प का चयन कीजिए।

$CaCO_3 + x\ HCl \rightarrow y\ CaCl_2 + CO_2 + z\ H_2O$

Ans
A. x=2, y=1, z=1
B. x=1, y=1, z=2
C. x=2, y=2, z=1
D. x=1, y=1, z=1

Q.15 कॉन्सर्ट हॉल की छतें अक्सर घुमावदार क्यों बनाई जाती हैं?

Ans
A. ध्वनि को सभी दिशाओं में समान रूप से परावर्तित करने के लिए
B. प्रतिध्वनि को पूरी तरह से रोकने के लिए
C. हवा में ध्वनि की गति को कम करने के लिए
D. ध्वनि को अवशोषित करने और उसकी तीव्रता को कम करने के लिए

Q.16 न्यूटन का गति का तीसरा नियम, _________ से संबंधित है।

Ans
A. गिरती हुई वस्तु पर लगने वाले गुरुत्वाकर्षण बल की प्रकृति
B. द्रव्यमान और त्वरण के बीच संबंध की प्रकृति
C. किसी एकल वस्तु द्वारा गति में परिवर्तन का विरोध करने की प्रकृति
D. सदैव युग्मों में होने वाले बलों की प्रकृति

Q.17 सूत्र इकाई द्रव्यमान ___________ होता है।

Ans
A. किसी यौगिक के सूत्र इकाई में सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों का योगफल
B. किसी यौगिक के सूत्र इकाई में सभी परमाणुओं के प्रोटानों की संख्या का योगफल
C. किसी यौगिक के सूत्र इकाई में सभी परमाणुओं के इलेक्ट्रॉनों की संख्या का योगफल
D. किसी यौगिक के सूत्र इकाई में सभी परमाणुओं के परमाणु क्रमांक का योगफल

Q.18 सोडियम सल्फेट और बेरियम क्लोराइड के बीच की अभिक्रिया, द्वि-विस्थापन अभिक्रिया का एक उदाहरण है। यह _______________ का भी एक उदाहरण है।

Ans
A. अवक्षेपण अभिक्रिया
B. अपघटन अभिक्रिया
C. विस्थापन अभिक्रिया
D. संयोजन अभिक्रिया

Q.19 चिपको आंदोलन निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
A. सरकार द्वारा प्रायोजित पर्यावरण संरक्षण योजनाएँ
B. सरकार द्वारा प्रायोजित जल संचयन योजनाएँ
C. वनों की सुरक्षा में स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी
D. पर्यावरण प्रदूषण कम करने के लिए उन्नत तकनीकों का उपयोग

Q.20 ओम के नियम का पालन करने वाले एक धातु के तार में, यदि प्रतिरोध स्थिर रहता है, तो इसके टर्मिनलों के बीच विभवांतर को उसके पूर्व मान के आधे तक कम करने से इसके माध्यम से प्रवाहित धारा में क्या परिवर्तन होगा?

Ans
A. धारा अपने पूर्व मान की एक-चौथाई रह जाएगी।
B. धारा स्थिर रहेगी।
C. धारा दोगुनी हो जाएगी।
D. धारा अपने पूर्व मान की आधी रह जाएगी।

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
- ✔ A. विद्युत परिपथ में, वोल्टमीटर घटक के साथ श्रेणीक्रम में जुड़ा होता है।
- ✗ B. बल्ब केवल बंद परिपथ में ही चमकता है।
- ✗ C. विद्युत परिपथ में धारा की दिशा धनात्मक टर्मिनल से ऋणात्मक टर्मिनल की ओर ली जाती है।
- ✗ D. विद्युत परिपथ में यदि स्विच खुला है तो कोई धारा प्रवाहित नहीं होती।

Q.22 निम्नलिखित पादपों में से किस पादप में उसके फलों के फटने से बीज परिक्षिप्त होता है?

Ans
- ✔ A. अंरडी (Castor)
- ✗ B. ज़ैंथियम (Xanthium)
- ✗ C. यूरेना (Urena)
- ✗ D. सूरजमुखी (Sunflower)

Q.23 1831 में किसने पहली बार केन्द्रक (nucleus) को कोशिका अंगक के रूप में वर्णित किया था?

Ans
- ✗ A. रॉबर्ट हुक (Robert Hooke)
- ✔ B. रॉबर्ट ब्राउन (Robert Brown)
- ✗ C. रुडोल्फ विरचो (Rudolf Virchow)
- ✗ D. एंटोन वैन लीउवेनहॉक (Anton van Leeuwenhoek)

Q.24 100 kg द्रव्यमान की दो वस्तुएँ एक-दूसरे से 1 m की दूरी पर स्थित हैं। दोनों वस्तुओं के बीच गुरुत्वाकर्षण बल का परिमाण क्या होगा? (G का मान 6.67 x 10^{-11} Nm^2/kg^2 लीजिए)

Ans
- ✔ A. 6.67 x 10-7 N
- ✗ B. 6.67 x 107 N
- ✗ C. 6.67 x 10-9 N
- ✗ D. 6.67 x 109 N

Q.25 कौन-सा कथन वाष्पीकरण की प्रक्रिया को सही ढंग से परिभाषित करता है?

Ans
- ✔ A. यह क्वथनांक से नीचे पृष्ठ से द्रव को गैस में परिवर्तित कर देता है।
- ✗ B. यह केवल द्रव के क्वथनांक पर ही होता है।
- ✗ C. तेजी से गर्म करने पर यह ठोस को सीधे वाष्प में परिवर्तित कर देता है।
- ✗ D. गैसीय रूप में परिवर्तित होने से पूर्व द्रव का जमना इसके लिए आवश्यक है।

Section : Mathematics

Q.26 चतुर्भुज ABCD आकार के एक पार्क में ∠C = 90°, AB = 36 m, BC = 42 m, CD = 40 m और AD = 36 m है। पार्क का क्षेत्रफल (m^2 में, 1 दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 1584.6
- ✔ B. 1458.6
- ✗ C. 1548.6
- ✗ D. 1485.6

Q.27 एक व्यक्ति को 18 घंटे में 168 km की दूरी तय करनी है। यदि वह इस दूरी के दो-तिहाई भाग को कुल समय के $\frac{4}{6}$ समय में तय करता है, तो शेष दूरी को शेष समय में तय करने के लिए उसकी चाल (km/hr में, दशमलव के बाद एक स्थान तक पूर्णांकित) कितनी होनी चाहिए?

Ans
- ✗ A. 4.6
- ✗ B. 8.8
- ✔ C. 4.7
- ✗ D. 8.2

Q.28 ईंधन की कीमत तीन क्रमिक माह में 40%, 25% और 45% कम हो जाती है, लेकिन चौथे माह में 55% बढ़ जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे माह में ईंधन की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें)

Ans
- ✗ A. 67.66% की वृद्धि
- ✓ B. 61.64% की कमी
- ✗ C. 63.14% की कमी
- ✗ D. 64.75% की वृद्धि

Q.29 यदि 14 cm त्रिज्या वाले एक ठोस गोले को बराबर त्रिज्या वाली 8 गोल ठोस गेंदों में ढाला जाता है, तो प्रत्येक गेंद का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

$(\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें$)$

Ans
- ✓ A. 616 cm2
- ✗ B. 598 cm2
- ✗ C. 600 cm2
- ✗ D. 650 cm2

Q.30 एक व्यक्ति एक वस्तु ₹3,450 में बेचता है और 15% का लाभ अर्जित करता है। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹2,980
- ✗ B. ₹2,900
- ✗ C. ₹2,860
- ✓ D. ₹3,000

Q.31 दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, एक उम्मीदवार को 42% वोट मिले और वह दूसरे उम्मीदवार से 416 वोटों के अंतर से हार गया। यदि डाले गए सभी वोट वैध थे, तो कुल कितने वोट डाले गए?

Ans
- ✗ A. 2595
- ✗ B. 2590
- ✓ C. 2600
- ✗ D. 2615

Q.32 X, Y और Z के वेतनों का अनुपात 4:18:21 है। यदि उनके वेतनों में क्रमशः 90%, 90% और 40% की वृद्धि की जाती है, तो उनके वेतनों का नया अनुपात कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 35:172:153
- ✓ B. 38:171:147
- ✗ C. 36:172:149
- ✗ D. 41:173:154

Q.33 259 m और 431 m लंबी दो ट्रेनें क्रमशः 52 km/h और 56 km/h की चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। वे एक-दूसरे कितने समय में पार करेंगी?

Ans
- ✗ A. 22 सेकंड
- ✗ B. 34 सेकंड
- ✗ C. 18 सेकंड
- ✓ D. 23 सेकंड

Q.34 एक एजेंट ₹6,420 अंकित मूल्य वाले एक कलम को 30% की छूट पर बेचता है। कलम का विक्रय मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
- ✓ A. 4,494
- ✗ B. 4,449
- ✗ C. 4,935
- ✗ D. 5,136

Q.35	एक चतुर्भुज MNST में, $\angle M = 63°$ और $\angle N = 99°$ है। $\angle S$ और $\angle T$ के समद्विभाजक O पर मिलते हैं। $\angle TOS$ का माप कितना है?	
Ans	✗ A. 94° ✓ B. 81° ✗ C. 87° ✗ D. 73°	

Q.36	A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 3, 15 और 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ कार्य करते हुए, उसी कार्य का दोगुना करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा?	
Ans	✗ A. 5 ✓ B. 4 ✗ C. 12 ✗ D. 8	

Q.37	एक परीक्षा में, B को 50 अंक मिले जबकि A को 75 अंक मिले, जो पूर्णांक 120 में से थे। B के अंक, A के अंकों का कितना प्रतिशत था? (अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें)	
Ans	✗ A. 62.50% ✓ B. 66.67% ✗ C. 120.73% ✗ D. 150.33%	

Q.38	एक दुकानदार निम्नलिखित चार स्कीम प्रदान करता है: A) 39% और 8% की दो क्रमिक छूट B) 8 खरीदें, 4 मुफ़्त पाएँ C) 16% की एकल छूट D) 38% और 34% की दो क्रमिक छूट दुकानदार के लिए कौन-सी स्कीम सबसे उपयुक्त है?	
Ans	✗ A. B ✓ B. C ✗ C. A ✗ D. D	

Q.39	वह सबसे छोटी संख्या कौन-सी है जिसे 539 में जोड़े जाने पर प्राप्त संख्या 10, 15 और 3 से पूर्णतः विभाज्य हो?	
Ans	✗ A. 5 ✗ B. 3 ✗ C. 2 ✓ D. 1	

Q.40	प्रेक्षणों 35, 53, 38, 89, 71, 69, 86, 40 और 41 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।	
Ans	✓ A. 58 ✗ B. 60 ✗ C. 66 ✗ D. 65	

Q.41	$((3^2)^6)^5$ को सरल कीजिए तथा इसे 9 की घात के रूप में व्यक्त करें। 9 का घातांक कितना है?	
Ans	✗ A. 10 ✗ B. 90 ✓ C. 30 ✗ D. 60	

Q.42 8 संख्याओं का औसत 121 है। यदि पहली 7 संख्याएँ 35, 35, 49, 83, 102, 80 और 20 हैं, तो आठवीं संख्या बताइए।

Ans
- ✔ A. 564
- ✘ B. 557
- ✘ C. 566
- ✘ D. 567

Q.43 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 6 और 9 दोनों से विभाज्य है, लेकिन 12 से विभाज्य नहीं है?

126, 252, 72, 108

Ans
- ✔ A. 126
- ✘ B. 72
- ✘ C. 108
- ✘ D. 252

Q.44 यदि $a + b + c = 15$ और $a^2 + b^2 + c^2 = 83$ दिया गया है, तो $ab + bc + ca$ ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 71
- ✘ B. 20
- ✘ C. 25
- ✘ D. 11

Q.45 दो पाइप एक टंकी को अलग-अलग क्रमशः 96 मिनट और 64 मिनट में भर सकते हैं। टंकी को खाली करने के लिए उसके तल में एक पाइप लगा है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी 48 मिनट में भर जाती है। यदि कोई अन्य पाइप खुला न हो, तो तल में लगा पाइप पूरी तरह से भरी हुई टंकी को खाली करने में कितना समय लेगा?

Ans
- ✔ A. 192 मिनट
- ✘ B. 201 मिनट
- ✘ C. 207 मिनट
- ✘ D. 175 मिनट

Q.46 ₹2,000 के मूलधन पर 5% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर (वार्षिक रूप से संयोजित होने पर) से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. ₹2,205
- ✘ B. ₹2,880
- ✘ C. ₹3,039
- ✘ D. ₹2,886

Q.47 10 आमों और 13 सेबों का कुल मूल्य ₹134 है और 4 सेबों का मूल्य 15 आमों के मूल्य से ₹13 कम है। तो एक आम और एक सेब का मूल्य क्रमशः (रुपयों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 4, 5.60
- ✘ B. 3.50, 5
- ✘ C. 2, 7
- ✔ D. 3, 8

Q.48 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{\sin 30^\circ + \cos 60^\circ}{\cot 45^\circ}$$

Ans
- ✗ A. 0
- ✗ B. $\frac{1}{2}$
- ✓ C. 1
- ✗ D. 2

Q.49 सलोनी की उम्र उसकी बहन एम्मा की उम्र के दोगुने से 7 वर्ष ज़्यादा है। अगर उनकी उम्र का योग 25 वर्ष है, तो एम्मा की उम्र कितनी है?

Ans
- ✗ A. 7 वर्ष
- ✗ B. 5 वर्ष
- ✗ C. 8 वर्ष
- ✓ D. 6 वर्ष

Q.50 वस्तुओं P, Q और R के मूल्य क्रमशः ₹280, ₹180 और ₹100 हैं। सुब्रत इन वस्तुओं को 3 : 4 : 5 के अनुपात में खरीदता है जिसके लिए वह कुल ₹26,780 खर्च करता है। उसने Q प्रकार की कितनी वस्तुएं खरीदीं?

Ans
- ✗ A. 76
- ✗ B. 40
- ✓ C. 52
- ✗ D. 84

Section : General Intelligence and Reasoning

Q.51 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'live with truth' को 'xf je ak' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'truth guides life' को 'ub mr je' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'truth' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
- ✗ A. ak
- ✗ B. mr
- ✗ C. ub
- ✓ D. je

Q.52 नीचे दी गई श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 1 3 9 3 2 6 8 3 9 6 2 2 7 7 7 7 3 3 7 3 8 3 5 6 5 9 6 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✓ B. 2
- ✗ C. 1
- ✗ D. 3

Q.53 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर ABHL का संबंध एक निश्चित तरीके से FFMP से है। उसी प्रकार, URBB का संबंध ZVGF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JDQN का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. OBHY
- ✗ B. OVBH
- ✓ C. OHVR
- ✗ D. OHNJ

Q.54 मनीष बिंदु Y से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 37 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़कर 75 km चलता है, फिर बाएं मुड़कर 69 km चलता है। इसके बाद वह फिर बाएं मुड़कर 52 km चलता है। वह फिर बाएं मुड़कर 32 km चलता है और बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
- ✗ A. पश्चिम की ओर 24 km
- ✗ B. पश्चिम की ओर 21 km
- ✗ C. पूर्व की ओर 25 km
- ✓ D. पूर्व की ओर 23 km

Q.55 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

120 B 15 A 5 D 18 C 22 = ?

Ans
- ✗ A. 360
- ✓ B. 364
- ✗ C. 366
- ✗ D. 362

Q.56 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'work fosters growth' को 'hw mq pc' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'growth with effort' को 'yv ju mq' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'growth' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
- ✓ A. mq
- ✗ B. yv
- ✗ C. pc
- ✗ D. hw

Q.57 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

GKI JNL MQO PTR ?

Ans
- ✗ A. SEW
- ✓ B. SWU
- ✗ C. SWE
- ✗ D. SUW

Q.58 Z अपनी कक्षा में ऊपर से 21वें स्थान पर और नीचे से 39वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 57
- ✗ B. 56
- ✓ C. 59
- ✗ D. 60

Q.59 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. CFY
- ✓ B. VYP
- ✗ C. LOH
- ✗ D. ZCV

Q.60 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

HQ-JS-MO
FO-HQ-KM

Ans
- ✗ A. CM-FO-IL
- ✓ B. DM-FO-IK
- ✗ C. DM-FO-IL
- ✗ D. CM-FP-IL

Q.61 एक निश्चित कूट भाषा में,
A ± B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A * B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A ₹ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
और A # B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

यदि 'D * R ± A ₹ C # O' है, तो D का O से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पिता
- ✗ B. पुत्र
- ✓ C. भाई
- ✗ D. पति

Q.62 जेसन, अपनी कार से एक बिज़नेस ट्रिप पर गया था। वह अपने घर से पश्चिम की ओर 30 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 20 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 40 km ड्राइव करता है। फिर वह अंत में बाएं मुड़ता है 40 km ड्राइव करके रुक जाता है। वहाँ से उसे अपने घर पहुँचने के लिए कितनी दूरी और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✗ A. उत्तर की ओर 10 km
- ✓ B. उत्तर की ओर 20 km
- ✗ C. दक्षिण की ओर 10 km
- ✗ D. दक्षिण की ओर 20 km

Q.63 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

RUS 36 PSQ 40 NQO 44 LOM 48 ?

Ans
- ✗ A. JLO 51
- ✗ B. JNJ 52
- ✗ C. JLJ 51
- ✓ D. JMK 52

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. UAEI
- ✓ B. SYDG
- ✗ C. XDHL
- ✗ D. HNRV

Q.65 A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, C के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। D, E का निकटतम पड़ोसी है। F, E के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। F, A के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। E के सापेक्ष C का स्थान क्या है?

Ans
- ✗ A. ठीक दाएं पड़ोस में
- ✗ B. ठीक बाएं पड़ोस में
- ✗ C. दाएं से दूसरा
- ✓ D. बाएं से दूसरा

Q.66 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(158, 568, 726)
(123, 402, 525)

Ans
- ✔ A. (180, 203, 383)
- ✗ B. (170, 382, 554)
- ✗ C. (142, 265, 409)
- ✗ D. (172, 263, 436)

Q.67 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

13, 38, 74, 123, ?, 268

Ans
- ✔ A. 187
- ✗ B. 181
- ✗ C. 185
- ✗ D. 183

Q.68 छह मित्र, G, H, I, Q, R और S, एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G के दाईं ओर से गिनने पर G और S के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। I के दाईं ओर से गिनने पर S और I के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। G और R के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H, Q के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। R के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. H
- ✔ B. Q
- ✗ C. I
- ✗ D. G

Q.69 आठ व्यक्ति – A, B, C, D, E, F, G और H, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के बाएं से गिनने पर A और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G, A के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। E के बाएं से गिनने पर E और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, D के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। F, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है। H के दाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. C
- ✗ B. E
- ✔ C. A
- ✗ D. F

Q.70 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ लैंप, बल्ब हैं।
कोई बल्ब, टॉर्च नहीं है।
कोई बल्ब, मोमबत्ती नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई लैंप, टॉर्च नहीं है।
(II) कुछ मोमबत्ती, टॉर्च हैं।

Ans
- ✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.71 यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

77 ÷ 12 + 252 x 14 - 177 = ?

Ans
- ✔ A. 1083
- ✘ B. 1023
- ✘ C. 1097
- ✘ D. 1055

Q.72 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

115 95 77 61 47 ?

Ans
- ✘ A. 32
- ✘ B. 31
- ✘ C. 38
- ✔ D. 35

Q.73 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

(56 A 7) B 9 D (14 A 7) B 5 C 36 A 4 D 11 = ?

Ans
- ✔ A. 60
- ✘ B. 51
- ✘ C. 79
- ✘ D. 42

Q.74 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

123 124 127 132 139 ?

Ans
- ✘ A. 145
- ✘ B. 151
- ✔ C. 148
- ✘ D. 147

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, JFBC, GCYZ से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार WSOP, TPLM से संबंधित है। इसी तर्क के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से IEAB किससे संबंधित है?

Ans
- ✘ A. FCWF
- ✔ B. FBXY
- ✘ C. FBWY
- ✘ D. FAWY

Q.76 दी गई श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 3 1 3 2 8 2 1 2 4 6 1 3 1 8 8 6 1 1 9 5 8 4 1 8 9 6 9 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✔ A. 4
- ✘ B. 6
- ✘ C. 3
- ✘ D. 5

Q.77 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) # € % # 6 & 4 * 9 6 @ 5 % @ # © 8 # % * £ 2 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✓ B. 4
- ✗ C. 6
- ✗ D. 8

Q.78 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 8 6 1 3 4 1 8 9 6 8 8 6 5 7 1 9 6 9 8 1 7 8 3 8 3 3 8 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 1
- ✓ B. 2
- ✗ C. 4
- ✗ D. 3

Q.79 उत्तर की ओर अभिमुख 38 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, Z बाएँ छोर से 12वें स्थान पर है। यदि G, Z के दाएँ से तीसरे स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएँ छोर से G का स्थान कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. 25वां
- ✗ B. 22वां
- ✓ C. 24वां
- ✗ D. 27वां

Q.80 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कोई फिक्शन, नॉनफिक्शन नहीं है।
सभी नॉनफिक्शन, पोएट्री हैं।
कुछ पोएट्री, ड्रामा हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ फिक्शन, पोएट्री हैं।
(II): कुछ नॉनफिक्शन, ड्रामा हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स 2025 में भारत की रैंक क्या है?

Ans
- ✓ A. चौथी
- ✗ B. पहली
- ✗ C. तीसरी
- ✗ D. दूसरी

Q.82 फीफा महिला विश्व कप 2027 का आयोजन कहां होगा?

Ans
- ✗ A. पुर्तगाल
- ✓ B. ब्राज़ील
- ✗ C. जापान
- ✗ D. उरुग्वे

Q.83 2025 में, कर्नाटक द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा विधेयक पारित किया गया था, जिसका उद्देश्य न केवल बाल विवाह बल्कि नाबालिगों की सगाई को भी गैरकानूनी घोषित करके बाल संरक्षण को मजबूत करना था?

Ans
- ✓ A. बाल विवाह निषेध (कर्नाटक संशोधन) विधेयक, 2025
- ✗ B. कर्नाटक नाबालिग विवाह संरक्षण विधेयक, 2025
- ✗ C. कर्नाटक बाल कल्याण विधेयक, 2025
- ✗ D. बाल अधिकार संवर्धन विधेयक, 2025

Q.84 संयुक्त राष्ट्र सतत विकास रिपोर्ट (SDR) 2025 के अनुसार, SDG सूचकांक में भारत की रैंक और स्कोर क्या है?

Ans
- ✗ A. 64.10 स्कोर के साथ 109वीं रैंक
- ✗ B. 66.95 स्कोर के साथ 100वीं रैंक
- ✗ C. 70.50 स्कोर के साथ 95वीं रैंक
- ✓ D. 66.95 स्कोर के साथ 99वीं रैंक

Q.85 भारत सरकार के किस मंत्रालय ने 2020-2025 के लिए प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन (MEE) का संचालन किया?

Ans
- ✗ A. कृषि मंत्रालय
- ✗ B. ग्रामीण विकास मंत्रालय
- ✗ C. जल शक्ति मंत्रालय
- ✓ D. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

Q.86 नाग एमके 2 (Nag Mk 2) मिसाइल को किस संगठन ने विकसित किया है?

Ans
- ✓ A. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
- ✗ B. सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स
- ✗ C. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
- ✗ D. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड

Q.87 2025-26 के दौरान, भारत का समग्र वस्तु एवं सेवा निर्यात ________ तक पहुंचने की संभावना है।

Ans
- ✗ A. $0.5 ट्रिलियन
- ✓ B. $1 ट्रिलियन
- ✗ C. $2 ट्रिलियन
- ✗ D. $1.5 ट्रिलियन

Q.88 1 मार्च 2025 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अध्यक्ष कौन बने?

Ans
- ✗ A. अनंत नारायण जी
- ✓ B. तुहिन कांता पांडे
- ✗ C. माधवी पुरी बुच
- ✗ D. अश्विनी भाटिया

Q.89 कौन-सा टेनिस दिग्गज अप्रैल 2025 तक 450 करियर जीत वाला पहला एशियाई पुरुष बन गया?

Ans
- ✗ A. युकी भांबरी (Yuki Bhambri)
- ✗ B. सोमदेव देववर्मन (Somdev Devvarman)
- ✓ C. केई निशिकोरी (Kei Nishikori)
- ✗ D. प्रजनेश गुणेश्वरन (Prajnesh Gunneswaran)

Q.90	अप्रैल 2025 की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में हुई घोषणा के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक का लक्ष्य तरलता अधिशेष को जमा राशि के कितने प्रतिशत के निकट रखना है?	
Ans	✔ A. 1% ✘ B. 1.5% ✘ C. 2% ✘ D. 0.5%	

Q.91	निम्नलिखित में से किस संगठन ने जल लचीलापन (Water Resilience) के लिए फॉरवर्ड फास्टर सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2025 जीता?	
Ans	✘ A. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ✘ B. तेल और प्राकृतिक गैस निगम ✘ C. वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ✔ D. राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम	

Q.92	विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक, 2025 में भारत की रैंक कितनी है?	
Ans	✔ A. 38वीं ✘ B. 30वीं ✘ C. 44वीं ✘ D. 49वीं	

Q.93	जैसा कि जून 2025 में रिपोर्ट किया गया है, किस नए कानून ने भारत में स्वास्थ्य सेवा व्यवसायों (MCI) के लिए पुराने नियामक निकायों को प्रतिस्थापित किया?	
Ans	✘ A. राष्ट्रीय औषधि परिषद ✔ B. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ✘ C. राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ✘ D. भारतीय चिकित्सा आयोग	

Q.94	'मेक इन इंडिया (Make in India)' पहल के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सी DRDO-निष्पादित योजना, भारतीय उद्योगों (MSMEs/स्टार्ट-अप्स) को रक्षा और दोहरे-उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए अनुदान सहायता प्रदान करती है?	
Ans	✘ A. रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना (Defence Testing Infrastructure Scheme - DTIS) ✘ B. रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (Innovations for Defence Excellence - iDEX) ✔ C. प्रौद्योगिकी विकास निधि (Technology Development Fund - TDF) ✘ D. आत्मनिर्भर रक्षा नवाचार और प्रौद्योगिकी पहल (Aatmanirbhar Defence Innovation & Technology Initiative - ADITI)	

Q.95	निम्नलिखित में से कौन-सा शिखर सम्मेलन 2025 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर पारंपरिक चिकित्सा को मजबूत करना है?	
Ans	✘ A. वैश्विक स्वास्थ्य और पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन 2025 ✔ B. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का दूसरा पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन 2025 ✘ C. विश्व पारंपरिक चिकित्सा कांग्रेस 2025 ✘ D. एकीकृत स्वास्थ्य पर अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन 2025	

Q.96	निम्नलिखित में से किस भारतीय शहर में, भारत-श्रीलंका संयुक्त सैन्य अभ्यास 'MITRA SHAKTI-2025' आयोजित किया गया था?	
Ans	✔ A. बेलगावी (कर्नाटक) ✘ B. जयपुर (राजस्थान) ✘ C. चेन्नई (तमिलनाडु) ✘ D. पुणे (महाराष्ट्र)	

Q.97 2025 सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप कहाँ आयोजित की गई थी?

Ans
- ✗ A. त्यागराज स्टेडियम, दिल्ली
- ✗ B. जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम, चेन्नई
- ✓ C. पंडित दिनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम, सूरत
- ✗ D. कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर

Q.98 मार्च 2025 में किस भारतीय शहर ने पहली बार तीन दिवसीय फिट इंडिया कार्निवल, एक समग्र स्वास्थ्य और फिटनेस समारोह की मेजबानी की?

Ans
- ✗ A. देहरादून
- ✓ B. नई दिल्ली
- ✗ C. भोपाल
- ✗ D. मुंबई

Q.99 24 मार्च को भारत में मनाए जाने वाले विश्व क्षय रोग दिवस, 2025 की विषयवस्तु (थीम) क्या थी?

Ans
- ✗ A. TB को समाप्त करने के लिए एकजुट हों: धन जुटाएँ, नवाचार करें, कार्य करें (Unite to End TB: Fund, Innovate, Act)
- ✓ B. हाँ! हम TB को ख़त्म कर सकते हैं: प्रतिबद्ध हों, निवेश करें, परिणाम दें (Yes! We Can End TB: Commit, Invest, Deliver)
- ✗ C. TB का अभी अंत करें: निदान करें, उपचार करें, रोकथाम करें (End TB Now: Diagnose, Treat, Prevent)
- ✗ D. 2030 तक TB मुक्त: वैश्विक समझौता (TB Free by 2030: Global Pact)

Q.100 25 अप्रैल 2025 को मनाए गए विश्व मलेरिया दिवस की थीम क्या थी?

Ans
- ✓ A. मलेरिया का अंत हमारे साथ: पुनर्निवेश करें, पुनर्कल्पना करें, फिर से प्रज्वलित करें
- ✗ B. मलेरिया को हराने का समय: पुनर्निवेश करें, पुनर्कल्पना करें, फिर से प्रज्वलित करें
- ✗ C. मलेरिया मुक्त होना मुझसे शुरू होता है: पुनर्निवेश करें, पुनर्कल्पना करें, फिर से प्रज्वलित करें
- ✗ D. मलेरिया मुक्त भविष्य में निवेश करें: पुनर्निवेश करें, पुनर्कल्पना करें, फिर से प्रज्वलित करें

"